# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 05.02.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं।
- पर्यटन निदेशालय ने अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से नॉर्थ सिंक आइलैंड के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की है।
- द्वीपसमूह में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात उल्लंघनों को कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय खेलों में द्वीपसमूह पांच पदकों के साथ सोलहवें स्थान पर पहुंचा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिनके परिणामस्वरूप पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार योजनाओं के शत–प्रतिशत कार्यान्वयन पर जोर देकर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री कल लोकसभा में, संसद की संयुक्त बैठक में दिए गए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के लिए चर्चा का जवाब दे रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रेरणादायक था और इससे सरकार के विकसित भारत के प्रयासों को बल मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में सरकार ने बारह लाख रुपये तक की आयकर छूट की घोषणा की है जो मध्यम वर्ग के वित्त को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं।

<><><><><><><>

भारत ने पिछले दस वर्षों में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि देश में वर्ष दो हजार चौदह में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थी जबकि आज तीन सौ से ज्यादा इकाइयां

काम कर रही हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत में पिछले दशक में मोबाइल फोन विनिर्माण के क्षेत्र में बारह लाख प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा हुई है। श्री वैष्णव ने कहा कि मेक–इन–इंडिया पहल आत्मनिर्भरता तथा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है और इससे रोजगार के अवसर सृजित हो रहा है।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से नॉर्थ सिंक आइलैंड में पर्यटन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया  तैयार की गई है। एसओपी का उद्देश्य नॉर्थ सिंक आइलैंड में पर्यटन गतिविधियों के प्रबंधन के लिए एक ढांचा तैयार करना है, साथ ही इसकी अनूठी जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित करना और द्वीप के प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना है। मानक संचालन प्रक्रिया में आगंतुकों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, पोत संचालन जैसे गतिविधियों के लिए रूपरेखा तैयार की जाती है। आम जनता की जानकारी के लिए एसओपी सार्वजनिक डोमेन के अलावा विभाग के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सभी प्रंतिक्रियाएं एक मार्च तक पर्यटन निदेशालय को भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात उल्लंघनों को कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सड़क सुरक्षा माह और पुलिस स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में यातायात पुलिस ने पूरे शहर में जाँच अभियान चलाया। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एक हजार पांच सौ तैंतीस चालान जारी किए गए और कुल नौ लाख छियासी हजार सात सौ रुपये का जुर्माना वसूला गया। खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने वाले बारह वाहनों को जब्त किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने के लिए एक सौ बत्तीस चालकों पर मामला दर्ज किया गया। युवा नागरिकों में जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए, शहर के विभिन्न स्कूलों में पांच सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान जीबी पंत अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। सार्वजनिक परिवहन चालकों और यात्रियों के लिए बस, ऑटो और टैक्सी स्टैंड पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के लॉ कॉलेज और स्टोर डिवीजन के सामने आरसीसी बॉक्स कलवर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कारण आज से इक्कीस मार्च तक और बाईस मार्च से छः मई तक सड़क के आधे हिस्से पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

<><><><><><>

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में कल ट्रैक साइक्लिंग में महिला और पुरूष टीम के अलग–अलग मुकाबले हुए, जिसमें अण्डमान निकोबार की टीम ने अलग–अलग स्पर्धा में गोल्ड मैडल जीते हैं। द्वीपसमूह के पुरूष टीम स्प्रिन्ट प्रतिस्पर्धा में डेविड बेकहम, ऐसो एलबन, गौरव मंडल और सुभाष सेन गुप्ता की जोड़ी को स्वर्ण पदक हासिल हुआ है। वहीं महिलाओं के पांच सौ मीटर टाइम ट्रॉयल में द्वीपसमूह की सेलिस्टीना ने स्वर्ण पदक जीतकर द्वीपसमूह का गौरव बढ़ाया है। आज द्वीपों के खिलाड़ियों से और स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद की जा रही है। टीम ने अब तक कुल पांच पदक हासिल किए हैं। इन पदकों के साथ अण्डमान निकोबार की टीम पदक तालिका में सोलहवें स्थान पर पहुंच गई है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन बारह फरवरी से नेताजी स्टेडियम में टी–ट्वेन्टी आइलैंड क्रिकेट प्रीमियम लीग का आयोजन करने जा रहा है। इच्छुक टीमों, क्लबों और संस्थाओं से अपने टीम के नाम क्रिकेट एसोसिएशन कार्यालय में पंजीकृत करवाने को कहा गया है। खिलाड़ियों की नीलामी आठ फरवरी को होगी।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज "स्पॉन्डिलाइटिस – कारण एवं उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रिया आरंगी विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगी। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><>

बम्बूफ्लाट के अंधा बेड़ा क्षेत्र में खंभा स्थापित किए जाने के कारण आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज, मथुरा, बृंदावन, फरारगंज से जिरकाटांग, स्टीवर्टगंज और कन्यापुरम शामिल हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शारीरिक प्रशिक्षक इंस्ट्रक्टर के पद के लिए अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इसके अलावा उम्मीदवारों की चयन सूची और प्रतीक्षा सूची भी प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><><>

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से छोटा नागपुरी रांची समुदाय के अट्ठाईस तीर्थयात्रियों का एक प्रतिनिधि दल रवाना हो गया है। महाकुंभ में भाग लेने की व्यवस्था अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा की जा रही है। वनवासी कल्याण आश्रम के मीडिया प्रभारी राम कुमार सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि छः से दस फरवरी तक रांची समुदाय के तीर्थयात्री महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे।

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपसमूह के पांच पदकों के साथ सोलहवें स्थान पर पहुंचने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। अखबार ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत आदर्श मछुवारा गांव के विकास के लिए पांच तटीय गांव की पहचान करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। यातायात प्रवर्तन और सड़क सुरक्षा पहल के तहत उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ चालान किए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। पहाड़गांव पुलिस की ओर से कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ आपूर्ति और करोड़ों की जबरन वसूली करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करने के समाचार को **अण्डमान कोनिकल** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। **इको ऑफ इडिया** ने भी इसी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>